ASCI ACADEMY | AdWise

SMART KIDS. SMART CHOICES

# बच्चों को विज्ञापनों और डिजिटल कंटेंट को समझने में मदद करे






# बदलता हुआ परिदृश्य

आज के बच्चे ऐसे दौर में बड़े हो रहे हैं जहाँ ऑनलाइन दिखने वाली लगभग हर चीज़ में विज्ञापन शामिल होते है,चाहे वो गेम हों जो वे खेलते हैं या वीडियो जो वे देखते हैं। कुछ विज्ञापन फायदेमंद भी हो सकते हैं, जैसे नए प्रोडक्ट्स के बारे में बताना या फ्री कंटेंट को सपोर्ट करना। लेकिन अब इन्हें पहचानना पहले से ज़्यादा मुश्किल हो गया है। कई बार विज्ञापन मनोरंजन के बीच छिपे होते हैं या ऐसे लोगों को दर्शाते हैं, जिन पर बच्चे भरोसा करते हैं, जैसे उनके पसंदीदा इन्फ्लुएंसर या गेम कैरेक्टर।

**हमारा मकसद आपको ऐसे आसान तरीके बताना है जिनसे आप अपने बच्चे को यह समझाने में मदद कर सकें कि वे जो विज्ञापन देखते हैं, उनके बारे में सोच-समझकर निर्णय कैसे लें।** यह नियम बनाने या यह बताने के बारे में नहीं है कि बच्चे क्या देख सकते हैं और क्या नहीं। बल्कि इसका उद्देश्य है उन्हें डिजिटल दुनिया को समझने में मदद करना है ताकि वे सुरक्षित और समझदारी से अपनी पसंद चुन सकें।



# विज्ञापन क्या हैं

विज्ञापन एक ऐसा संदेश होता है जिसका मकसद किसी को कुछ खरीदने, आज़माने या उसमें रुचि लेने के लिए प्रेरित करना होता है| यह टीवी पर दिखने वाले विज्ञापन, सोशल मीडिया पर स्पॉन्सर्ड पोस्ट, किसी गेम में ऑफ़र, या किसी शो या फ़िल्म की कहानी के हिस्से के रूप में भी दिख सकता है|

कुछ विज्ञापन साफ़ तौर पर दिखाए जाते हैं— जैसे **#ad** या **paid partnership** जैसे टैग के साथ — लेकिन कुछ बहुत चालाकी से छिपे होते हैं|

जैसे, आपका बच्चा जिस यूट्यूबर को पसंद करता है, वो किसी खिलौने की तारीफ़ कर सकता है बिना यह बताए कि वह खिलौना उसे मुफ़्त में मिला है|

अपने बच्चे को यह सिखाना कि कौन-सी चीज़ विज्ञापन है और कौन-सी सामान्य कंटेंट, यह समझदारी भरे फ़ैसले लेने की दिशा में पहला कदम है|

.




# SMART तरीका

हमारे स्कूल कार्यक्रम में, हम बच्चों को विज्ञापनों के बारे में सोचने के लिए **SMART तरीका** अपनाना सिखाते हैं।आप भी यही तरीका घर पर इस्तेमाल कर सकते हैं,जब आप अपने बच्चे के साथ वीडियो देख रहे हों, गेम खेल रहे हों, या सोशल मीडिया पर स्क्रॉल कर रहे हों।

**S**pot the Ad (विज्ञापन पहचानो): क्या यह कंटेंट कुछ बेचने की कोशिश कर रहा है?

**M**ake clear choices (सोच-समझकर फ़ैसला करो): यह मुझसे क्या करवाना या खरीदवाना चाहता है?

**A**sk questions (सवाल पूछो): क्या यह संदेश सच में सही है?

**R**ecognise the tricks (चाल समझें): छिपे हुए विज्ञापन, धोखे वाले ऑफ़र, ग़लत दावे या "सिर्फ़ आज ही!" जैसे विज्ञापन ध्यान खींचने के लिए बनाये जाते हैं.

**T**alk to someone (किसी से बात करो):क्लिक करने, शेयर करने या कुछ खरीदने से पहले अपने माता-पिता, टीचर या किसी भरोसेमंद बड़े से बात करो।



# रोज़मर्रा के पलों के ज़रिए जागरूकता बढ़ाना

विज्ञापन पहचानना एक पहेली सुलझाने जैसा हो सकता है।
आप अपने बच्चे के साथ कोई वीडियो देखें और बीच में रुककर पूछें **"क्या तुम बता सकते हो कि इसमें विज्ञापन कहाँ है?"**
संकेतों पर ध्यान दें, जैसे खास ऑफ़र, लोगो, छोटे अक्षरों में लिखा टेक्स्ट, या अचानक किसी प्रोडक्ट का ज़िक्र होना।

अगर आपका बच्चा अनबॉक्सिंग वीडियो, इन्फ्लुएंसर रीएल्स, या गेमिंग स्ट्रीम्स देखना पसंद करता है, तो आप पूछ सकते हैं "क्या तुम्हें लगता है कि इन्हें इसके लिए पैसे दिए गए हैं या यह प्रोडक्ट इन्हें मुफ़्त में मिला है?" "क्या इससे तुम्हारा इनके विचारों के बारे में सोचने का तरीका बदलता है?" ऐसे सवाल बच्चों को सोचने पर प्रोत्साहित करते हैं, बिना यह महसूस कराए कि आप उन्हें डांट या समझा रहे हैं।

# डिजिटल दुनिया में सुरक्षित रहना

ऑनलाइन विज्ञापनों से जुड़ा एक खतरा यह है कि वे कभी-कभी असुरक्षित लिंक पर क्लिक करने या अपनी निजी जानकारी ज़्यादा साझा करने की ओर ले जा सकते हैं। आपके बच्चे को भी :

**बिना आपसे पूछे अपना नाम, पता, फ़ोन नंबर या फ़ोटो कभी भी शेयर न करें।**

**पॉप-अप या संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने से बचें।**

**ऐसे गेम्स या ऐप्स से सावधान रहें जो आपके कॉन्टैक्ट्स, लोकेशन या फ़ोटो तक पहुँच मांगते हैं।**

**यह समझें कि "फ्री" गेम्स अक्सर पैसे कमाने के लिए खिलाड़ियों को गेम के अंदर ख़रीदारी करने के लिए प्रेरित करते हैं जैसे अपग्रेड्स, लूट बॉक्स या एक्स्ट्रा लाइफ़।**

यह ज़रूरी है कि गेम में पैसे ख़र्च करने के लिए साफ़ नियम तय किए जाएँ — कब और कितना ख़र्च करना ठीक है। इन नियमों को समय-समय पर साथ में पुनर्विचार करना भी मददगार होता है।



# डिजिटल सुरक्षा उपकरण

यहाँ कुछ प्लेटफ़ॉर्म कंट्रोल्स (PLATFORM CONTROLS) दिए गए हैं, जिन्हें आप देख सकते हैं:

1. Google Family Link
   - **यह क्या करता है**: यह आपको उन ऐप्स को अनुमति देने या ब्लॉक करने की सुविधा देता है जिन्हें आपका बच्चा Play Store से डाउनलोड करना चाहता है, दैनिक स्क्रीन समय की सीमा निर्धारित करने और उनकी लोकेशन देखने की अनुमति देता है
   - **सुरक्षा**: आप "अनुपयुक्त साइटों या ऐप्स" को ब्लॉक कर सकते हैं और "वेबसाइट और ब्राउज़र प्रतिबंधों" को प्रबंधित कर सकते हैं
   - **उपयोग कैसे करें**: अपने फोन और अपने बच्चे के डिवाइस पर ऐप डाउनलोड करें। अपने Google खातों का उपयोग करके उन्हें लिंक करें

# डिजिटल सुरक्षा उपकरण

2. YouTube Kids

- **यह क्या करता है:** यह YouTube का एक फ़िल्टर्ड संस्करण है जिसे बच्चों के लिए अधिक सीमित और परिवार के अनुकूल स्थान प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है

- **सुरक्षा**: आप अपने बच्चे की उम्र के आधार पर सामग्री का स्तर चुन सकते हैं - प्रीस्कूल मोड (4 वर्ष और उससे कम), छोटा मोड (उम्र 5-8), या बड़ा मोड (उम्र 9-12)। आप यह अनुमति दे सकते हैं कि आपके बच्चे क्या देख सकते हैं और वीडियो या पूरे चैनल को ब्लॉक भी कर सकते हैं

- **उपयोग कैसे करें**: शुरू करने के लिए मुफ्त ऐप डाउनलोड करें या www.youtubekids.com पर वेबसाइट देखें। अनुभव को अनुकूलित करने के लिए अंतर्निहित टूल (built-in tools) का उपयोग करें, जैसे स्क्रीन समय को सीमित करने के लिए "टाइमर" सेट करना या "उम्र के अनुसार सामग्री स्तर" चुनना



# डिजिटल सुरक्षा उपकरण

3. **अन्य सुझाव:**

- **OTT**: पैरेंटल लॉक का उपयोग करें और एक अलग "Kids" प्रोफ़ाइल बनाएं
- **ऐप अनुमतियों (Permissions) की जाँच करें**: उन खेलों या ऐप्स से सावधान रहें जो लोकेशन, संपर्कों (contacts) या फ़ोटो तक अनावश्यक पहुँच का अनुरोध करते हैं
- **इन-गेम विज्ञापन (In-game ads)**: अधिकांश "मुफ़्त" गेम इन-गेम विज्ञापनों और खरीदारी के माध्यम से पैसा कमाते हैं। हमेशा सुनिश्चित करें कि आपके क्रेडिट कार्ड या UPI विवरण आपके बच्चे के डिवाइस पर सेव न हो
- **गोपनीयता और डेटा की रक्षा करें (Protect privacy and data)**: बच्चों को सिखाएं कि वे कभी भी अपना पूरा नाम, पता या स्कूल जैसी व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें और मजबूत पासवर्ड का उपयोग करें
- नियमित रूप से अपडेट की समीक्षा करें और कभी-कभी साथ मिलकर ऑनलाइन देखें या खेलें



# आम सवालों के आसान जवाब

**प्रश्न: मुझे अपने बच्चे द्वारा देखे जाने वाले ऑनलाइन विज्ञापनों के बारे में सतर्क रहने की क्यों ज़रूरत है?**
कई ऑनलाइन विज्ञापन इस तरह बनाए जाते हैं कि वे आपके बच्चे के पसंदीदा कंटेंट में घुल-मिल जाते हैं, जिससे उन्हें पहचानना मुश्किल हो जाता है। इससे बच्चे बिना सोचे-समझे चीज़ें ख़रीद सकते हैं या ऐसे संदेशों से आमना-सामना हो सकता है जो ग़लत या असुरक्षित हो सकते हैं।

**प्रश्न: क्या सभी विज्ञापन हानिकारक होते हैं?**
बिल्कुल नहीं। कुछ विज्ञापन जानकारी देने वाले होते हैं या किसी अच्छे उद्देश्य का समर्थन करते हैं।मुख्य बात यह है कि बच्चों को यह सिखाया जाए कि वे विज्ञापनों को पहचानें और उनका सही मूल्यांकन करना सीखें।

**प्रश्न: मैं अपने बच्चे को इन्फ्लुएंसर के विज्ञापन पहचानने में कैसे मदद कर सकता/सकती हूँ?**
उन्हें ऐसे संकेत ढूँढने के लिए प्रोत्साहित करें जैसे — **#ad, Paid Partnership** लिखा होना, या किसी प्रोडक्ट का बार-बार ज़िक्र किया जाना। उन्हें समझाएँ कि जब किसी को किसी चीज़ को प्रमोट करने के लिए पैसे मिलते हैं, तो उससे उनकी राय या बात करने का तरीका प्रभावित हो सकता है।

# आम सवालों के आसान जवाब

**प्रश्न: विज्ञापन बनाने वाले कौन-सी तरकीबें इस्तेमाल करते हैं?**
आम तौर पर वे मज़ेदार गाने, पसंदीदा किरदार, जल्दी करने का दबाव (“जल्दी करें!”), “फ्री” ऑफ़र जो आगे चलकर ख़रीदारी की ओर ले जाते हैं, और बढ़ा-चढ़ाकर किए गए दावे जैसी तकनीकें इस्तेमाल करते हैं।

**प्रश्न: मुझे गेम के अंदर की जाने वाली ख़रीदारी के बारे में क्या करना चाहिए?**
यह सुनिश्चित करें कि आपके बच्चे जिन ऐप्स का इस्तेमाल करते हैं, उनमें कोई पेमेंट डिटेल्स सेव न हों। ख़रीदारी से जुड़े नियम आप दोनों मिलकर तय करें। उन्हें समझाएँ कि “फ्री” गेम्स अक्सर रिवॉर्ड्स या समय बचाने वाली सुविधाओं के ज़रिए पैसे ख़र्च करने के लिए प्रेरित करते हैं।

**प्रश्न: मैं विज्ञापनों के बारे में हमारी बातचीत को और दिलचस्प कैसे बना सकता/सकती हूँ?**
इसे एक खेल की तरह बनाइए “विज्ञापन पहचानो!” बच्चे से पूछिए कि उसे क्या लगता है, यह विज्ञापन क्या करवाना चाहता है, और क्या यह पूरी सच्चाई बता रहा है या सिर्फ़ उसका एक हिस्सा।

# ध्यान देने योग्य आम विज्ञापन तरकीबें

**क्लिकबेट शीर्षक**
“अभी फ़ोन जीतिए!”

**छिपे हुए विज्ञापन**
आपके पसंदीदा यूट्यूबर द्वारा किसी प्रोडक्ट का प्रचार करना, बिना डिस्कलॉसर के

**गेम के अंदर ख़रीदारी**
ऐसे “फ्री” गेम्स जो खिलाड़ियों को अपग्रेड्स या लूट बॉक्स जैसी चीज़ों पर पैसे ख़र्च करने को कहते हैं

**झूठी जल्दी**
“सिर्फ़ 2 ही बचे हैं!” या “ऑफ़र जल्द ही ख़त्म हो जाएगा!”

**अवास्तविक दावे**
“बिना एक्सरसाइज और हेल्दी डाइट के सिर्फ़ 5 दिनों में 10 किलो वज़न घटाएँ!”




# डिजिटल सुरक्षा के मूल सिद्धांत

- माता-पिता की अनुमति के बिना अपनी व्यक्तिगत जानकारी (नाम, पता, फ़ोन नंबर, ईमेल) कभी साझा न करें।
- पॉप-अप विज्ञापनों या संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने से बचें।
- ऐसे गेम्स या ऐप्स से सावधान रहें जो आपका डेटा मांगते हैं।
- किसी भी असुरक्षित या संदिग्ध विज्ञापन की जानकारी अपने माता-पिता या किसी भरोसेमंद बड़े व्यक्ति को दें।

# माता-पिता के रूप में आप क्या कर सकते हैं



- **साथ में देखें:** अपने बच्चे के साथ वीडियो देखें या गेम खेलें, और उनमें दिखने वाले विज्ञापनों की पहचान करके उन पर बातचीत करें।
- **सवाल पूछें:** “क्या तुम्हें लगता है यह बात सच है?” या “तुम्हारे हिसाब से वे तुम्हें यह क्यों दिखा रहे हैं?”
- **नियम तय करें:** यह मिलकर तय करें कि कब और कैसे कोई ख़रीदारी की जा सकती है।
- **रुककर सोचने की आदत डालें:** क्लिक करने से पहले बच्चे को रुककर सोचने के लिए प्रोत्साहित करें।
- **अच्छी मिसाल बनें:** अपने बच्चे को बताएं कि आप विज्ञापनों को देखकर कैसे सोच-समझकर निर्णय लेते हैं।

# बातचीत की शुरुआत करने के आसान तरीके




“क्या तुम इस वीडियो में विज्ञापन पहचान सकते हो?”

“तुम्हें क्यों लगता है कि यह इन्फ्लुएंसर इस प्रोडक्ट को पसंद करता है?”

“अगर कोई गेम तुमसे तुम्हारी निजी जानकारी मांगे तो तुम क्या करोगे?”

AdWise

SMART KIDS. SMART CHOICES

बच्चों को विज्ञापनों को समझना और समझदारी से चुनाव करना सिखाएँ!

**INITIATIVE BY**

ASCI ACADEMY

**SUPPORTED BY**

Google

Hindustan Unilever Limited

Mondelēz International
SNACKING MADE RIGHT

Nestlé. Good food, Good life